**Profit earnings of Metro Channel**

4435. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state;

(a) whether the Metro T.V. has been earning profits since its inception;

(b) if so, the amount of profit earned by Metro Channel so far; and

(c) the programme-wise details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) and (b) The gross commercial revenue earned by Doordarshan's Metro Channel which commenced its service in 1993, is as under:

| | |
|---|---|
| 1993-94 | Rs. 25.30 crores |
| 1994-95 | Rs. 75.77 crores |

(c) The gross commercial revenue from the top popular serials for the year 1994-95 was as under:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Junoon | Rs. 1561.60 lakhs |
| 2. | Superhit Muqabla | Rs. 1179.60 lakhs |
| 3. | Srikrishna | Rs. 928.36 lakhs |
| 4. | Kanoon | Rs. 530.55 lakhs |
| 5. | Ajnabi | Rs. 430.97 lakhs |
| 6. | Imtihan | Rs. 343.16 lakhs |
| 7. | Dekh by Dekh | Rs. 279.54 lakhs |

**विदेश सेवा प्रभाग (एक्सटर्नल सर्विसेज डिवीजन) के उर्दू सर्विस कार्यक्रम**

4436. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ई. एस. डी. के कार्यक्रमों में उर्दू सर्विस सबसे महत्वपूर्ण सर्विस है और कार्यक्रम (प्रोग्राम) ओरिजिनेशन के मामले में कई बड़े स्टेशनों की तुलना में मुख्य सर्विस है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस सर्विस को उचित महत्व नहीं दिया जा रहा है और न ही समुचित सुविधायें तथा स्टाफ उपलब्ध कराया जा रहा है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कार्यक्रम की अवधि के लिहाज से आधारभूत ढांचा अपर्याप्त है और पूरी उर्दू सर्विस की उपेक्षा की जा रही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि उर्दू न जानने वाले व्यक्तियों को भी उर्दू सर्विस में रखा गया है और इस प्रकार उर्दू को बहुत नुकसान पहुंचाया जा रहा है यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) उपरोक्त मामलों में क्या कार्रवाई की जा रही है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.पी. सिंह देव)** : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

**आकाशवाणी ,लखनऊ से रिले किये जाने वाले उर्दू के समाचार बुलेटिन**

4437. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी लखनऊ में क्षेत्रीय उर्दू समाचारों के लिए उर्दू का कोई स्टाफ ही नहीं है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या कोई नियमित उर्दू समाचार वाचक भी नहीं है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;